दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### रजिस्ट्रीकरण एवं मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 15 को बिलासपुर में

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 1 जनवरी 2019 की स्थिति में मतदाता सूची का प्रकाशन 26 दिसम्बर से 25 जनवरी 2019 तक किया जाना है। इस संबंध में जिले के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं प्रत्येक विधानसभा से 3-3 मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 15 दिसम्बर को मंथन सभाकक्ष बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र-15 लैलूंगा, 16-रायगढ़, 17-सारंगढ़ एवं 18 खरसिया के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 15 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से तथा विधानसभा क्षेत्र 19-धरमजयगढ़ के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 15 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे से मंथन सभाकक्ष कलेक्टोरेट बिलासपुर में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### यातायात व्यवस्था माकूल बनाये रखने पुलिस ने ली होटल संचालको की बैठक

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात राजकुमार मिंज द्वारा निकट भविष्य में होने वाले विवाह समारोह एवं अन्य कार्यक्रमों के दौरान यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के संबंध में होटल एवं मैरिज गार्डन संचालकों के साथ 13 दिसम्बर को शाम 4.30 बजे थाना यातायात रायगढ़ परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर के 15 मैरिज गार्डन/होटल के संचालक उपस्थित हुए।

बैठक में यातायात डी.एस.पी. श्री मिंज ने मुख्य रूप से मैरिज गार्डन/ होटल के बाहर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था के संबंध में चर्चा किये। श्री मिंज ने मैरिज गार्डन/ होटल को किसी भी परिस्थिति में वाहन सड़क पर खड़े नहीं करने के निर्देश दिये एवं होटल/ मैरिज गार्डन परिसर के अंदर ही सुव्यवस्थित पार्किंग बनाए रखने एवं वॉलिंटियर/ गार्ड की व्यवस्था करने का निर्देश दिये और उन्हें यह भी बताया गया कि निर्देशों का पालन न करने पर संबंधित होटल/ मैरिज गार्डन संचालक एवं संस्थान के विरुद्ध कार्यवाही के लिये जिला दंडाधिकारी महोदय की ओर प्रतिरोधक प्रतिवेदन प्रेषित की जावेगी।

### कांग्रेस ने पूरा किया वादा तो जिले के किसानों के माफ होंगे 179 करोड़

रायगढ़। विस में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद कांग्रेस ने घोषणा पत्र में अपने किए वादे को पूरा किया तो 10 दिनों के भीतर जिले में भी करीब 55 हजार किसानों का कर्जा माफ हो जाएगा। रायगढ़ जिले में खरीफ के लिए किसानों ने सरकारी एवं निजी बैंकों से 179 करोड़ का कर्ज लिया है। इसलिए नई सरकार ने वादा पूरा किया तो जिले में ही 13 बैंकों को 179 करोड़ की भरपाई करनी होगी।

15 साल बाद सत्ता में आई कांग्रेस ने रायगढ़ जिले की सभी पांचों सीटों पर कब्जा जमाया है। पार्टी ने चुनाव से पहले अपने घोषणा पत्र में किसानों का कर्जा माफ और बिजली बिल हाफ के नारे दिए थे और चुनाव प्रचार में इसे अच्छी तरह भुनाकर पूरे छग में रिकार्ड तोड़ जीत हासिल की है।

# जिला पंचायत की दो और जनपद की एक सीट हो गई खाली

## प्रकाश नायक, च्रकधर सिदार एवं उत्तरी जांगड़े छोड़ेंगे पद



रायगढ़। विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद रायगढ़ जिले में जिला पंचायत की 2 और जनपद की 1 सीट खाली हो गई है। कांग्रेस की टिकट पर विधायक बनने वाले प्रकाश नायक, चक्रधर सिदार एवं उत्तरी जांगड़े अब अपनी पुरानी कुर्सी से इस्तीफा देंगे। इसलिए जिपं व जनपद में उपचुनाव की स्थिति निर्मित होने वाली है।

जिले में कांग्रेस का विधायक बनने वाले तीन प्रत्याशी पहले से ही निचले सदन में जनप्रतिनिधि के रूप में कार्यरत हैं। जिपं में प्रकाश नायक एवं चक्रधर सिदार सदस्य के रूप में चुनाव जीतकर आए हैं। वहीं सारंगढ़ में विधायक बनने वाली उत्तरी जांगड़ें भी बीडीसी बनकर जनपद अध्यक्ष के पद पर है लेकिन अपने कार्यकाल से करीब 20 महीने पहले ही तीनों नेताओं को पार्टी ने विस में उतार दिया था और कांग्रेस की टिकट पर विधायक की कुर्सी लेने वाले तीनों जनप्रतिनिधि अब अपना पुराना पद छोड़ेंगे। ऐसे में जिपं में 2 सदस्य कम हो जाएंगे। इसी तरह सारंगढ़ जनपद पंचायत भी नेतृतव विहीन हो गया है। ऐसे में तीनों विधायकों द्वारा अपने पुराने पदा से इस्तीफा देने के बाद जिला प्रशासन को वहां उप चुनाव संपन्न कराना पड़ सकता है।

## शराब के नशे में पिता पर हमला, मौत



हत्या का आरोपी

रायगढ़। शराब के नशे में लाठी डंडे से पीट पीकर पुत्र ने पिता को मौत के घाट उतार दिया। मामले में आरोपी पुत्र के खिलाफ कापू पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

ग्राम सोनपुर में निवासी बन्दिया माक्षी खेती किसानी का काम करता है। जो बुधवार दोपहर 3 बजे राम साय मांझी कौरू मांझी व जोबिहा तीनों व्यक्ति धान उडा रहे थे। इस दौरान सुकनाथ मांझी ने व उसका पुत्र नशे में चूर थे। और दोनों पिता पुत्र के मध्य विवाद हो गया जो देखते ही देखते हाथा पाई में तब्दील हो गया। इस बीच बोदिया माझी के पिता सुकनाथ ने अपने पुत्र से कहा की तुम कुछ काम नहीं करते हो मैं ही तुमको कितना दिनों तक पालता रहूंगा। यह बात शराबी बेटे को इस कदर नागवार गुजरी की वह गुस्से में तिलमिला गया। इससे रूष्ट बेटे ने गुस्से में आगबबूला होकर अपने पिता पर लाठी से हमला कर दिया जिससे सुकनाथ के दाहिना कान पास हल्का खून निकलकर सूजन हो गया है। वही इस घटना को देख आरोपी पुत्र ने अपने पिता को घर अंदर ले जाकर सुला दिया जिससे कुछ देर बाद मृतक की मृत्यु हो गयी। इस घटना के बाद आरोपी बेटा फरार हो गया वही उसकी तालाश कापू पुलिस सरगर्मी से कर रही है।

## बाइक चालक पेड़ से टकराया, घायल को धर्मजयगढ़ राइनो ने पहुंचाया अस्पताल

रायगढ़। 13 दिसम्बर के दोपहर 15.08 बजे धर्मजयगढ़ राइनो को रोड एक्सीडेंट का इवेंट मिला। धर्मजयगढ़ राइनो स्टाफ घटनास्थल उदउदा और फतेहपुर के बीच पहुंची, जहां मोटरसाइकिल चालक दीपक कुमार चौहान पिता जीतराम चौहान उम्र 23 वर्ष निवासी गुरारी जिला कोरबा मोटरसाइकिल चलाते हुए पेड़ से टकराकर घायल हो गया था।

धर्मजयगढ़ राइनो ईआरवी ने आहत को वाहन में बिठाकर उपचार के लिए धर्मजयगढ़ अस्पताल में भर्ती कराये।

## 9 थाना प्रभारियों के प्रभार बदले गए

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक महोदय रायगढ़ द्वारा प्रशासनिक आवश्यकता अनुसार जिले के 09 थाना प्रभारियों के लिये पदस्थापना आदेश 13 दिसम्बर को जारी किया गया है, जिसके अनुसार थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक अब्दुल कादिर खान को थाना प्रभारी पुसौर, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक अमित सिंह को थाना प्रभारी छाल, थाना प्रभारी छाल अभय सिंह को थाना प्रभारी पूंजीपथरा, थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक आर.सी. लहरी को थाना प्रभारी बरमकेला, थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक संतोषी ग्रेस को थाना प्रभारी यातायात, थाना प्रभारी कापू निरीक्षक तुलसीराम सिदार को रक्षित केंद्र रायगढ़, रक्षित केंद्र रायगढ़ में पदस्थ निरीक्षक जगतराम चौहान को थाना प्रभारी कापू, थाना प्रभारी पुसौर उपनिरीक्षक धनीराम राठौर को थाना प्रभारी घरघोड़ा एवं थाना सारंगढ़ में पदस्थ उप निरीक्षक जय सिंह खूंटे को थाना प्रभारी डोंगरीपाली के पद पर पदस्थ किया गया है।



## दो मोटरसायकलों की आपस में भिड़ंत, डायल 112 की ईआरवी वाहन मौके पर पहुंची

रायगढ़। 13 दिसम्बर की सुबह 9.41 बजे पुसौर ईआरवीवाहन को नेतनागर के पास दो मोटरसाइकिल के आपस में भिड़ंत होने का इवेंट मिला । इवेंट पर पुसौर राइनो वाहन घटनास्थल पहुंची, जहां दो मोटरसाइकिल के आपस में भिड़ंत होने पर एक मोटरसाइकिल का चालक कृष्णन पिता राघवन उम्र 75 वर्ष निवासी तुर्कापारा तथा दूसरे मोटरसाइकिल का चालक राम कुमार केंवट पिता माधव लाल उम्र 28 वर्ष निवासी कबीर चौक जूटमिल को चोटे आई थी। पुसौर राइनो वाहन के स्टाफ ने 108 संजीवनी वाहन की मदद से आहतों को पुसौर अस्पताल प्राथमिक उपचार के लिए भिजवाये।

## अंडर 16 प्लेट ग्रुप क्रिकेट का हुआ शुभारंभ

रायगढ़। जिले में स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देश पर अंडर-16 क्रिकेट अंतरजिला टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसमें रायगढ़ की टीम ने प्रथम पारी में जशपुर के विरूद्ध शानदार प्रदर्शन किया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि रायगढ़ के घरघोड़ा में उक्त टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ, जिसमें टास जीतकर रायगढ़ ने गेंदबाजी चुनी, जिसपर जशपुर ने मात्र 55 रन बनाये और पूरी टीम आल आउट हो गई। रायगढ़ के कृष मैत्री ने 6 विकेट लिये। इसके जवाब में रायगढ़ की टीम बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 236 रन बनाकर खेल रही है जिसमें निखिल अग्रवाल नाबाद 70 रन व डिकेश साव ने 63 रन बनाये । कल दूसरी पारी खेली जायेगी। टूर्नामेंट में सीएससीएस के आब्जर्वर राजेश शुक्ला वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी बिलासपुर रहे।







**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931